आपकी कृपा है बेशुमार गुरु जी

मेरा खुशियों में खेले परिवार गुरु जी,
आप की कृपा है बेशुमार गुरु जी,
बंसी वाले किया बेड़ा पार गुरु जी,
आप की कृपा है बेशुमार गुरु जी....

दौलत भी शौहरत भी दिया सम्मान है,
जो भी पाया हमनें वो तेरा ऐहसान है,
हम सब हैं शुकरगुज़ार गुरु जी,
आप की कृपा है.....

हँस-हँस के कटता रहे जीवन ये दास का,
टूटने न देना कभी धागा विश्वास का,
मिलता रहे ऐसे जी प्यार गुरु जी,
आप की कृपा है.....

गुरु वाले जानते हैं गुरु क्या चीज़ है,
विक्रम का स्वर्ग बाबा तेरी दहलीज़ है,
झुकता रहूँ तेरे दरबार गुरु जी,
आप की कृपा है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28090/title/aapki-kripa-hai-beshumaar-guru-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |